# स्मार्ट सिटी रैंकिंग में उदयपुर दूसरे स्थान पर

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा जारी स्मार्ट सिटी रैंकिंग में उदयपुर को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ है।

## प्रमुख बिंदु

- देश की 100 स्मार्ट सिटी की इस रैंकिंग में उदयपुर 122.8 अंकों के साथ पहली बार टॉप-2 में पहुँचा है, जबकि सूरत शहर 128.80 अंक के साथ पहले स्थान तथा 120.39 अंक के साथ आगरा तीसरे नंबर पर हैं।
- उदयपुर के अतिरिक्त राजस्थान के अन्य शहरों में जयपुर 7वें, कोटा 16वें और अजमेर 18वें नंबर पर हैं।
- गौरतलब है कि स्मार्ट सिटी उदयपुर में अब तक 233.77 करोड़ की लागत से सीवेज नेटवर्क, पानी की लाइन डालने, सड़क किनारे डक्टिंग, अंडरग्राउंड वायरिंग, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट, सॉलिड वेस्ट प्लांट एवं बायो माइनिंग तथा कचरे के प्लांट जैसी 77 परियोजनाएँ पूरी हो चुकी हैं, जबकि 653.12 करोड़ की 21 परियोजनाएँ कार्यरत हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/udaipur-ranks-second-in-smart-city-ranking